भारत सरकार
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय**

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न सं. 4325 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024/29 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है

**बंदरगाहों की क्षमता का विस्तार**

†4325. श्री राजेश वर्मा :
**श्री नरेश गणपत म्हस्के :**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :**
**श्री रविन्द्र दत्ताराम वायकर :**
**श्रीमती शांभवी :**

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का देश के बंदरगाहों की क्षमता बढ़ाने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस योजना के अंतर्गत देश भर में कितने बंदरगाहों का चयन किया गया है;
(ग) चयनित बंदरगाहों की क्षमता में कुल कितने प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है;
(घ) क्या इस योजना के अंतर्गत महाराष्ट्र और बिहार के किसी बंदरगाह का चयन किया गया है; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
**पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री**
**(श्री सर्बानंद सोणोवाल)**

**(क) से (ग):** जी, हां। सभी 12 महापत्तनों का क्षमता विस्तार कर दिया गया है। महापत्तनों के क्षमता विस्तार की सूची नीचे दी गई है:-

(प्रतिवर्ष मिलियन टन में)

| **पत्तन** | **2014-15** | **2023-24** | **वृद्धि %** |
|---|---|---|---|
| श्यामा प्रसाद मुखर्जी पत्तन | 70.85 | 93.02 | 31.29 |
| पारादीप पत्तन | 119.8 | 289.75 | 141.86 |
| विशाखापट्टणम पत्तन | 96.76 | 148.18 | 53.14 |
| कामराजर पत्तन | 37.00 | 94.00 | 154.05 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| चेन्नै पत्तन | 86.04 | 136.00 | 58.07 |
| वी. ओ. चिदंबरनार पत्तन | 44.55 | 111.46 | 150.19 |
| कोचीन पत्तन | 49.66 | 79.90 | 60.89 |
| नव मंगलूर पत्तन | 77.77 | 114.96 | 47.82 |
| मुरगांव पत्तन | 43.76 | 63.40 | 44.88 |
| मुंबई पत्तन | 44.53 | 84.00 | 88.64 |
| जवाहरलाल नेहरू पत्तन | 79.37 | 145.87 | 83.78 |
| दीनदयाल पत्तन | 121.43 | 269.32 | 121.79 |
| कुल | 871.52 | 1629.86 | 87.01 |

**(घ) और (ङ):** जी, हां। मुंबई पत्तन और जवाहरलाल नेहरू पत्तन ने, जो महाराष्ट्र राज्य में हैं, विगत 10 वर्षों में अपनी-अपनी क्षमता क्रमश: 88.64% और 83.78% बढ़ाई है। बिहार राज्य में कोई महापत्तन नहीं है।

*****